तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026



पीएमश्री विद्यालय में बालिकाओं को किया... 12



सीड ड्रील मशीन से धान-मक्का की बोआई... 12



2011 से संचालित
शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो. 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# खरीफ सीजन में कृषि विभाग की कार्रवाई, पखांजूर के 20 कृषि आदान केंद्रों पर बिक्री पर रोक

*खरीफ सीजन के बीच किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने जिले के परलकोट क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने कृषि आदान विक्रय केंद्रों की सघन जांच के दौरान रिकॉर्ड संधारण और वैधानिक दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 20 केंद्रों पर विभिन्न कृषि आदानों की बिक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करते हुए संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग की जिला स्तरीय टीम ने विकासखंड कोयलीबेड़ा के परलकोट क्षेत्र में संचालित कृषि आदान विक्रय केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के भंडारण, स्टॉक रजिस्टर, विक्रय अभिलेख, मूल्य सूची, लाइसेंस तथा स्रोत प्रमाण-पत्रों की गहन जांच की गई। जांच में सामने आया कि कई प्रतिष्ठानों द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश तथा अन्य वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक दस्तावेजों का संधारण एवं पृष्ठांकन नहीं किया गया था। कृषि विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 13 उर्वरक विक्रय केंद्रों पर तत्काल प्रभाव से उर्वरक की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें मेसर्स देवनाथ एजेंसी, बैरागी कृषि केन्द्र, मंडल खाद विक्रय केन्द्र, मिस्त्री कृषि केन्द्र, पूनम कृषि केन्द्र, सरदार कृषि केन्द्र, देव कृषि केन्द्र, तरफदार कृषि केन्द्र, प्रिया कृषि केन्द्र, दिलीप कृषि केन्द्र, सरकार कृषि केन्द्र तथा संजु कृषि केन्द्र सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

इसके अलावा बीज अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर पांच बीज विक्रय केंद्रों मिस्त्री कृषि केन्द्र, तरफदार कृषि केन्द्र, एन.के. कृषि केन्द्र, आशा कृषि केन्द्र तथा मिस्त्री कृषि केन्द्र (छोटेबेठिया)पर भी बीज विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया। कीटनाशक अधिनियम के तहत मंडल खाद विक्रय केन्द्र एवं मिस्त्री कृषि केन्द्र पर कीटनाशकों की बिक्री पर रोक लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### दोषियों पर कार्रवाई जारी

*कृषि विभाग के प्रभारी उप संचालक जितेंद्र कोमरा ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद, बीज एवं कीटनाशक बिल के साथ खरीदें।*

### दुकानदारों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस जारी



खाद, बीज और कीटनाशक के बिक्री रिकॉर्ड में गंभीर अनियमितताएं

### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

*निरीक्षण दल में अनुविभागीय कृषि अधिकारी एलके नाग, सहायक संचालक कृषि नर सिंह ध्रुव एवं हरीश कुमार नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवलू राम नेताम, अनिमेष गावड़े, राजकुमार सिन्हा, संदीप जैन तथा कृषि विकास अधिकारी ईश्वरचन्द्र देवांगन शामिल रहे।*

## शिक्षा मंत्री से अब नियम विपरीत कार्य कर रहे सीएसी पर कार्रवाई की अपेक्षा

# जिले के 40 प्रतिशत सीएसी की नियुक्ति में लोचा, कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

*जिले में क्लस्टर अकादमिक समन्वयक (सीएसी) के चयन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सीएसी चयन के लिए निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए कांकेर जिले में बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जो निर्धारित पात्रता के दायरे में नहीं आते। इतना ही नहीं, एक विकासखंड में दो व्याख्याताओं को सीएसी बने हुए है, जो नियमानुसार इस पद के लिए पात्र नहीं हैं। मामले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। शिक्षा मंत्री की सख्ती के बाद सीएसी चयन में भी सुधार की माँग उठने लगी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


जानकारी के अनुसार, 2021 में जारी गाईडलाईन के तहत सीएसी चयन के लिए स्पष्ट प्रावधान है कि उच्च श्रेणी शिक्षक तथा प्रधानपाठक को ही इस पद के लिए नामांकित किया जा सकता है। लेकिन आरोप है कि पूरे प्रदेश में इस नियम का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। कांकेर जिले की स्थिति भी इससे अलग नहीं है।

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक जिले में लगभग 40 प्रतिशत सीएसी ऐसे हैं, जो निर्धारित पात्रता के अनुरूप नहीं हैं। प्रदेश स्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में वर्तमान में 243 सीएसी के पद है, जिसमें अंतागढ़ विकासखंड में 38, कांकेर में 31, भानुप्रतापपुर में 28, चारामा में 28, दुर्गूकोंदल में 27, कोयलीबेड़ा में 60 तथा नरहरपुर में 31 सीएसी के पद हैं। इनमें से 99 सीएसी ऐसे बताए जा रहे हैं जो प्राथमिक शालाओं से जुड़े हैं, जिसमें 57 प्रधान अध्यापक और 42 सहायक शिक्षक शामिल हैं, यह नियुक्ति नियम के विपरीत है। माध्यमिक शालाओं के 16 प्रधान अध्यापक और 126 उच्च श्रेणी शिक्षकों की नियुक्ति नियमों के अनुरूप मानी जा रही है।

अंतागढ़ विकासखंड में दो व्याख्याताओं को भी सीएसी का दायित्व सौंपे जाने की जानकारी सामने आई है। यह नियुक्ति भी निर्धारित प्रावधानों के विपरीत बताई जा रही है। यदि यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो चयन प्रक्रिया की वैधता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो सकते हैं।

शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि सीएसी चयन पूरी तरह पात्रता और नियमों के आधार पर किया जाए तथा उनसे अध्यापन और शैक्षणिक मॉनिटरिंग की जिम्मेदारियों का कड़ाई से पालन कराया जाए तो विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

### जिले के 243 सीएसी में 99 सीएसी प्राइमरी शाला के प्रधानअध्यापक एवं सहायक शिक्षक




### नियम में तीन कालखंड पढ़ाने का प्रावधान

*शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार सीएसी की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि शैक्षणिक भी होती है। उन्हें विद्यालयों का नियमित भ्रमण करने, शिक्षकों का मार्गदर्शन करने और प्रतिदिन तीन कालखंड तक अध्यापन कार्य भी करना होता है। हालांकि, यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि अधिकांश सीएसी विद्यालयों में नियमित रूप से निर्धारित कालखंड नहीं लेते, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है।*

### शिक्षा मंत्री से की जा रही माँग

*प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा हाल ही में लंबे समय से कार्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को पुनः स्कूलों में अध्यापन कार्य से जोड़ने की पहल की सराहना करते हुए अब मांग उठ रही है कि इसी प्रकार सीएसी चयन प्रक्रिया की भी व्यापक समीक्षा कराई जाए। साथ ही शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति और अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने के लिए भी स्पष्ट नियम बनाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि रहें।*

## 4 जुआरी गिरफ्तार, 4 हजार नकद व ताश की गड्डी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सार्वजनिक स्थान पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार करने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली है। जुआरियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 3 हजार 900 नगद, 52 पत्ती ताश और जुआ खेलने में प्रयुक्त अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में जुआ, सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली कांकेर को मुखबिर से जानकारी मिली कि सुभाष वार्ड स्थित चिकन मार्केट के पास कुछ लोग 52 पत्ती ताश के माध्यम से रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू के निर्देशन में प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि चार आरोपी सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 40 वर्षीय सरजू यादव पिता रामप्रसाद, अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 35 वर्षीय विनोद कुमार साहू पिता स्व. मन्नूराम, एमजी वार्ड कांकेर निवासी 25 वर्षीय रवि सारथी पिता मदन सारथी और संजय नगर कांकेर निवासी 41 वर्षीय शिवा सारथी पिता समारूराम को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1 हजार 900 नगद, जबकि जुआ फड़ से 2 हजार रूपएं नगद, एक 52 पत्ती ताश की गड्डी तथा पुराना अखबार बरामद किया गया। इस प्रकार कुल 3 हजार 900 रूपएं नगद एवं जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी सरजू, विनोद कुमार साहू, रवि सारथी तथा शिवा सारथी के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### सरदार पटेल की जयंती पर जनजागरूकता अभियान

**कांकेर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के तहत शुक्रवार को भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फरसकोट स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने साइबर अपराध, यातायात नियम, गुड टच-बैड टच, नशामुक्ति, मानव तस्करी से बचाव, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच जमुना सलाम, उप सरपंच तरुण पांडे सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### सोलर हाईमास्ट लाइट से रोशन हो रहे चौक-चौराहे

**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोरर शीतलापारा में क्रेडा के माध्यम से सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। जिला प्रशासन की स्वीकृति से लगी इस हाईमास्ट लाइट से चौक-चौराहे और सार्वजनिक स्थल रातभर रोशन रहेंगे। बिजली गुल होने या खराब मौसम में भी बैटरी बैकअप के कारण यह निर्बाध प्रकाश देती है। इससे ग्रामीणों की सुरक्षा बढ़ने, महिलाओं और राहगीरों को सुविधा मिलने तथा आपराधिक घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए शासन और क्रेडा विभाग के प्रति आभार जताया।



## 24 घंटे में चोरी की बाइक बरामद और आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कांकेर कोतवाली पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी कानून के शिकंजे से बच नहीं सका। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



जानकारी के अनुसार राजापारा निवासी मो. आशिफ ने 9 जुलाई को कोतवाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने मित्र के साथ होंडा साइन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएम 5697 से पुराना बस स्टैंड स्थित होटल भोजन करने गया था। दोनों ने होटल के सामने बाइक खड़ी कर भोजन किया, लेकिन बाहर लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना कांकेर में चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने के साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जांच के दौरान मिली सूचना के आधार ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सार्वजनिक शराबखोरी युवकों पर मामला दर्ज



**कांकेर।** बांदे थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कुरेनार नदी पुलिया के नीचे सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे आठ युवकों के खिलाफ कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में दीपक मंडल, अरनव विश्वास, राज उर्फ रूपेंद्र मंडल और श्रीवास मलिक को पकड़ा गया, जबकि दूसरी कार्रवाई में अमृत, साधन मिस्त्री, सचिन सरदार और बृजेन्द्र नाथ सरदार को हिरासत में लिया गया। मेडिकल परीक्षण में शराब सेवन की पुष्टि होने पर सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

## सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पीएम-सीएम के पुतले फूंके

लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग है संविधान व लोकतंत्र की हत्या

### विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग, संविधान पर हमले तथा राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने की हर कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि भाजपा सरकारें संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही हैं, जिससे लोकतंत्र की मूल भावना प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मामलों में फंसाकर डराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस किसी भी दबाव ▶▶| शेष पेज 10 पर

बूथ की एकता संगठन की शक्ति

## भाजपा मंडल हाराडूला की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर दिया जोर

# भाजपा की बैठक में अभियानों पर बनी रणनीति

*भारतीय जनता पार्टी मंडल हाराडुला की मासिक बैठक ग्राम हल्बा स्थित शक्ति केंद्र में संगठनात्मक मजबूती, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांकेर जिला संगठन प्रभारी रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा की असली शक्ति बूथ स्तर के समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने संगठन के प्रत्येक अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हल्बा स्थित शक्ति केंद्र में भारतीय जनता पार्टी मंडल हाराडुला की मासिक बैठक में जिला संगठन प्रभारी पूर्व विधायक रंजना साहू ने पिछले एक माह के दौरान मंडल स्तर पर संचालित संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम जैसे महत्वपूर्ण अभियानों को केवल औपचारिक रूप से आयोजित ▶▶| शेष पेज 10 पर



मंडल हाराडूला की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की कार्यकर्ताओं को सौंपे दायित्व

### प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य

*जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी संजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा लक्ष्य प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद, नियमित संपर्क और गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत है और उसी के परिश्रम से पार्टी निरंतर मजबूत होती है।*

### बैठक में रहे शामिल

*इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रूखमणी उइके, जनपद सदस्य संतोषी सिन्हा, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी मनोज जैन, दिनेश्वरी महावीर, ओमप्रकाश साहू, रेणुका सिन्हा, सुनील महावीर, काशीराम जैन, टीकम साहू, सूरज कुमार उइके, उर्वशी जैन, चित्रसेन साहू, मोहनीश शोरी, वीरेंद्र सेन, राजेंद्र जैन, शकुन सुखदेव, नारद राम सिन्हा, छेदूराम निर्मलकर, भुनेश्वर पटेल, दुर्गा सिंह कोड़ोप्पी, प्रताप पटेल, चंद्रशेखर बघेल सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन मंडल महामंत्री महंत टांडिया ने किया।*

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित मातृ–शिशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने एसएनसीयू का अवलोकन करते हुए नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार हेतु आधुनिक सुविधाओं एवं तकनीकों के विस्तार पर जोर दिया और उन्नयन के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर भर्ती बच्चों की माताओं से उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने माताओं से बच्चों के समुचित पोषण एवं पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए निर्धारित अवधि तक केंद्र में रहने तथा चिकित्सकों की सलाह का पालन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मातृ–शिशु चिकित्सालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी जायजा लिया और संबंधित एजेंसी को 20 जुलाई तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी.एल. मण्डावी सहित विभागीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

### टाटामारी गौधाम का संचालन शांति फाउंडेशन को सौंपने का निर्णय



**केशकाल।** गौधाम समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय पशु चिकित्सालय में सम्पन्न हुई। बैठक में गौवंश संरक्षण, निराश्रित गोवंश के समुचित रखरखाव तथा गौधाम के बेहतर संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से टाटामारी स्थित गौधाम का संचालन शांति फाउंडेशन द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गौधाम में चारा, पेयजल, पशु चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने गौसंरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए गौधाम के प्रभावी संचालन पर बल दिया। गौवंश संरक्षण के कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला गौ आयोग समिति के सदस्य ईश्वर बैस, ब्लॉक अध्यक्ष भवसागर बघेल, याद प्रसाद सिन्हा, नारायण पाण्डेय, रामेश्वर उसेड़ी, डॉ. चार्ली पोर्ते, डॉ. कस्तूरी प्रधान एवं गिरिजा शंकर सहित समिति के सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरस्वती साइकिल वितरण छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय हाई स्कूल करमोती में मंगलवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत करमोती के सरपंच शैलेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप सरपंच लिलेश दुग्गा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुमीत मंडावी और पूर्व जनपद सदस्य कमलेश निषाद कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना/" से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को बहुत राहत मिलेगी। इससे न केवल उनकी उपस्थिति बढ़ेगी बल्कि समय की बचत भी होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान दुरूग सायं चुरेंद्र, मो. अकील कुरैशी, नीतू लाठिया, खेलन चनाप, राजमनी भूआर्य, कुमुदनी पेकरा, अंकिता देशमुख, अंजिता सोरी, दामिनी सिंह चौहान, फरीदा बानो, दयंती जैन, भारती कोशमा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# वाग्धारा जीवन गौरव सम्मान से सम्मानित हुए कोंडागांव के डॉ. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में चार दशकों से कार्यरत संस्था वाग्धारा एवं राष्ट्रीय समाचार नेटवर्क भारत एक्सप्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मुंबई के अंधेरी स्थित मुक्ति ऑडिटोरियम में आयोजित वाग्धारा सम्मान समारोह–2026 का आयोजन किया गया। समारोह बस्तर के प्रख्यात जैविक कृषि विशेषज्ञ, पर्यावरणविद् एवं मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के संस्थापक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को संस्था के सर्वोच्च सम्मान वाग्धारा जीवन गौरव सम्मान–2026 से अलंकृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तेलंगाना के राज्यपाल महामहिम शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद शर्मा राही एवं रवि यादव ने संयुक्त रूप से किया।

## किसानों को बचाना है तो खेती को लाभकारी बनाना होगा: राजाराम

### राज्यपाल ने मंच से किया कोंडागांव आने का ऐलान

*डॉ. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित सभी अतिथियों को कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं अनुसंधान केंद्र का दौरा करने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि वहां कम लागत में अधिक आय देने वाले प्राकृतिक एवं जैविक खेती के सफल मॉडल विकसित किए गए हैं। राज्यपाल कहा कि किसानों और खेती को लेकर व्यक्त की गई चिंता पूरी तरह उचित है। उन्होंने मंच से घोषणा की कि वे शीघ्र ही कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म का दौरा करेंगे और वहां विकसित कृषि मॉडलों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे।*



### प्राकृतिक खेती और जनजातीय विकास में योगदान के लिए मिला सम्मान

*डॉ. राजाराम त्रिपाठी को प्राकृतिक एवं जैविक खेती, कृषि नवाचार, किसानों की आय वृद्धि, जनजातीय सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद और सचिन खेडेकर को श्वाग्धारा नवरत्न सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ विनीत अभिषेक, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. धनंजय बोस, डॉ. नामदेव गोडा, शिवगुरुन शुक्ल, डॉ. आलोक सोनी, पूर्व न्यायाधीश स्वाति चौहान तथा डॉ. स्मृति त्रिपाठी को भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।*

### खेती को लाभकारी बनाने की उठाई आवाज

*सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने देश की कृषि व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है, जिसके कारण युवा खेती से दूर हो रहे है। देश का अन्न उत्पादन मुख्यतः बुजुर्ग किसान संभाल रहे हैं। देश हर वर्ष लगभग तीन लाख करोड़ रुपये मूल्य के खाद्य तेल, दालें, मसाले और मेवे विदेशों से आयात कर रहा है। यदि समय रहते खेती को लाभकारी नहीं बनाया गया तो भविष्य में देश को खाद्यान्न के लिए भी आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है।*

## पुलिया और सीसी सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर संपर्क सुविधा

# वनमंत्री ने ग्राम चेमा में 54 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को मिल रही नई गति : कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने मर्दापाल क्षेत्र के ग्राम चेमा में लगभग 54 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति शासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

वन मंत्री ने कहा कि माओवाद के प्रभाव में कमी आने के बाद बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित:** कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री ने स्व–सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और उन्हें पशुपालन, मत्स्य पालन तथा अन्य आजीविका आधारित गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण तथा करागुडरा पारा से हसलननार मुख्य मार्ग तक सीसी सड़क निर्माण शामिल है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही सहभागिता :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद सदस्य श्रीमती रमशीला कोर्राम, सरपंच खेम सोरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मिशन कटहल का किया शुभारंभ

*ग्राम गोलावंड स्थित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर 'मिशन कटहल' का शुभारंभ किया। वन मंत्री ने हितग्राही बालकृष्ण यादव एवं रैनु बघेल की बाड़ी में कटहल के पौधे रोपे तथा किसानों को ग्राफ्टेड कटहल के पौधे वितरित किए। योजना के तहत किसानों को निःशुल्क पौधे देकर व्यावसायिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 200 फलदार पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। वन मंत्री ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में श्री कश्यप ने कहा कि वन प्राकृतिक धरोहर हैं और उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने तथा रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से बचने की अपील की। वनमंडल कोंडागांव में 1 जुलाई से वन महोत्सव–2026 के अंतर्गत सभी वन परिक्षेत्रें में निःशुल्क पौधा वितरण एवं पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रें में प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बीज छिड़काव और आयवर्धक पौधों का रोपण भी किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने नागरिकों से निःशुल्क पौधा वितरण केंद्रों से पौधे लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने तथा अतिक्रमण से बचने की अपील की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य, बीएसएफ के कमांडेंट, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं उपस्थित रहे।*

## 505 प्रकरणों में जब्त 3,188.935 बल्क लीटर शराब को किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए कांकेर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 505 आबकारी प्रकरणों में जब्त कुल 3,188.935 बल्क लीटर अवैध शराब का विधिवत नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई भानुप्रतापपुर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त उपस्थिति में नियमानुसार संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख एवं आबकारी निरीक्षक रेणु मरकाम की मौजूदगी में जब्त शराब का नष्टीकरण किया गया। कार्रवाई के दौरान 1,629.805 बल्क लीटर देशी महुआ शराब तथा 1,559.130 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब, कुल 3,188.935 बल्क लीटर अवैध शराब को निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए नष्ट किया गया। यह शराब आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज 505 प्रकरणों में जब्त की गई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नियमित छापेमारी, निगरानी और संयुक्त कार्रवाई के माध्यम से अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कांकेर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुरूप कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आत्मानंद शाला विकास समिति के गोपाल ब्रह्मचारी अध्यक्ष निर्वाचित



**पखांजुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ की शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद के लिए संपन्न चुनाव में पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद का दायित्व प्राप्त किया। उनके अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और विद्यालय के प्रति समर्पण को देखते हुए अभिभावकों ने उन पर एक बार फिर विश्वास व्यक्त किया।

चुनाव में कुल 75 मत पड़े, जिनमें 1 मत निरस्त घोषित किया गया। वैध मतों में गोपाल ब्रह्मचारी को 44 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी संचिता ढाली को 30 मत मिले। इस प्रकार गोपाल ब्रह्मचारी ने स्पष्ट बहुमत के साथ अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। चुनाव प्रक्रिया की उपस्थिति में ग्राम पंचायत की सरपंच प्रियंका नरेटी, उपसरपंच संजीव शील तथा विद्यालय की प्राचार्या श्यामल कुमार देबनाथ मौजूद रहीं। निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुआ। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। अभिभावकों एवं समर्थकों ने गोपाल ब्रह्मचारी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई। अभिभावकों का कहना है कि गोपाल ब्रह्मचारी ने पूर्व में शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनके अनुभव, सकारात्मक सोच और विद्यालय हित में किए गए कार्यों को देखते हुए इस बार उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ का संचालन और अधिक सुचारु, गुणवत्तापूर्ण एवं विकासोन्मुख होगा।



## विधायक सावित्री ने छात्राओं को बांटीं साइकिलें व शिक्षा की शक्ति समझाई

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, दुर्गुकोंदल में शुक्रवार को शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा नवमी की पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने छात्राओं को साइकिलें सौंपते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने और मेहनत के बल पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन-अर्चन से हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम ने स्वागत भाषण में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। विधायक सावित्री ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और वे पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आव्हान किया।

## एसबीआई व नपं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ वातावरण के उद्देश्य से पुलिस थाना के सामने वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, एसबीआई के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधरोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा और संतुलित जलवायु का आधार भी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधरोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की बात कही की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ/" तथा आइए, हरित भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एसबीआई के अधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहें।

### पेज 9 का शेष...

**4 जुआरी गिरफ्तार, 4 हजार...**

धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में आरक्षक रामप्रसाद साहू, ईश्वर साहू, रामूराम जुर्री, रूद्र जुर्री, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह श्याम, आरक्षक ज्ञानसचिन शोरी, सिंह ठाकुर एवं प्रणय यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**24 घंटे में चोरी की बाइक बरामद...**

पर पुलिस ने शासकीय शराब दुकान पंडरीपानी के पास घेराबंदी कर पीढ़ापाल गिरगापरी निवासी 38 वर्षीय महेश दुग्गा पिता सियाराम दुग्गा को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई होंडा साइन मोटरसाइकिल बरामद कर विधिवत जब्त की गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया...**

के आगे झुकने वाली नहीं है। उन्होने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई बताते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है और भविष्य में भी यह लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य और महिलाओं की सुरक्षा जैसे गंभीर जनहित के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष को निशाना बना रही है। उनका कहना था कि जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों का समाधान करने के बजाय सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्य कर रही है। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी और जनविरोधी नीतियों का लगातार विरोध करेगी। इस अवसर पर बीरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, नरेश ठाकुर, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष यासीन करानी, सुनील गौस्वामी, मनोज जैन, गफ्फार मेमन, लोमेंद्र यादव, मुकेश तिवारी, बबलू देवांगन, खोमनेद्रे उइके, बाबा ठाकुर, आलोक श्रीवास्तव, सुमित बजाज सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा की बैठक में अभियानों पर बनी...**

करने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इन्हें प्रत्येक शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाकर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर पर जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही प्रभावी ढंग से जनता के बीच अपनी पहुंच और जनसेवा को मजबूत कर सकेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक क्रियान्वित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी ने किया।

# नक्सल मामलों में बंद ग्रामीणों की रिहाई की मांग को लेकर सड़क पर उतरे सैकड़ों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल मामलों में बंद अपनों की रिहाई के लिए सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में रैली निकालकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय बीजापुर पहुंचे ग्रामीणों ने नक्सल मामलों में जेलों में बंद निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की रिहाई को लेकर स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी से मुलाकात कर जेलों में बंद निर्दोष ग्रामीणों की रिहाई करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान परिवारजनों ने कहा कि वर्षों से नक्सल मामलों में फंसाए गए उनके निर्दोष परिजन जेलों में बंद हैं वे इस मामले को लेकर प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ चरणदास महंत से मुलाकात करना चाहते हैं। परिवारजनों ने एक 20 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल का गठन भी किया है जो आगामी दिनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर जेलों में बंद इन निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की रिहाई के लिए प्रयास करेगा। विधायक मण्डावी ने कहा कि बस्तर अब नक्सल मुक्त हो चुका है तो वर्षों से जेल में बंद विचाराधीन ग्रामीणों के मामलों की भी मानवीय आधार पर समीक्षा होनी चाहिए।



**हार्डकोर नक्सलियों की तरह उनके मामले भी समाप्त करें:** परिजनों ने अपने मांग पत्र में कहा कि जिस प्रकार हाल के दिनों में कई बड़े-बड़े और हार्डकोर नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं और सरकार ने उनके खिलाफ दर्ज सभी नक्सल मामलों को वापस ले लिया है ठीक उसी तरह निर्दोष आदिवासियों के मामलों को भी समाप्त किया जाए। परिजनों ने बैठक में यह भी कहा कि निर्दोष ग्रामीणों को नक्सलियों की श्रेणी में रखकर वर्षों से जेलों में बंद रखना न्यायोचित नहीं है। बैठक के बाद विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के अधिकांश लोग कम पढ़े-लिखे होते हैं उन्हें कानून की प्रक्रियाओं और कोर्ट की कार्यवाही की जानकारी नहीं होती। ऐसे में वे आर्थिक तंगी और मानसिक परेशानियों का सामना करते हुए वर्षों तक अदालतों और सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं। कई परिवार तो इसी वजह से बर्बाद हो चुके हैं। इसलिए ग्रामीणों की मांग के अनुरूप हमारी सरकार से विशेष अपील है कि बस्तर संभाग में जितने भी निर्दोष आदिवासी नक्सल संबंधी मामलों में जेलों में बंद हैं उन्हें रिहा किया जाए।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बीजापुर।** केंद्रीय विद्यालय बीजापुर में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर विश्वदीप रहे। उनके विद्यालय आगमन पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के कब एवं बुलबुल विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं हर्षोल्लासपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य पुष्प ध्वज नायक, दशरथ बाड़मेरा, दीक्षा साहू सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाए और सभी को प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण अभियान में भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### बच्चों ने बनाए सीड बॉल



भोंड। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए बस्तर विकासखंड के संकुल केंद्र लामकेर स्थित माध्यमिक शाला लामकेर के छात्र-छात्राओं ने मिशन लाइफ फॉर इको क्लब के अंतर्गत एक प्रेरणादायक अभियान शुरू किया है। विद्यालय के बच्चे स्वयं सीड बॉल (बीज गेंद) तैयार कर हरियाली बढ़ाने का अनूठा प्रयास कर रहे हैं। विद्यालय प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन मिट्टी और गोबर की खाद से सीड बॉल तैयार करते हैं।

# अनियमितता के आरोप में पंचायत सहायक ग्रेड-2 निलंबित

## विष्णुदेव सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और शासकीय कार्यों में लापरवाही के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सुकमा जिले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकर ने जनपद पंचायत कोंटा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 चंद्रशेखर चंद्राकर को गंभीर अनियमितताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत की सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों ने संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध गंभीर शिकायतें दर्ज कराई थीं। जांच में सामने आया कि कर्मचारी का स्थानांतरण जनपद पंचायत कोंटा किया जा चुका था, लेकिन उन्होंने नए पदस्थापना स्थल पर समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसके बावजूद पुराने कार्यालय में कार्य करते रहे, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हुई।



### चेक के बदले मांगा कैश

जिला पंचायत के द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया कि संबंधित कर्मचारी ने लगभग 17.50 लाख रुपये का भुगतान चेक जारी करने के लिए राशि की मांग की, जिसकी शिकायत मिलने के बाद भी उनके कार्य व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। साथ ही स्थानांतरण निरस्त करने का प्रस्ताव बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रस्तुत करने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

### निलंबन की कार्रवाई

आरोपों को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत प्रशासन ने छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में कर्मचारी का मुख्यालय जिला पंचायत सुकमा निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# नवनियुक्त जनपद सीईओ ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा



नवनियुक्त जनपद सीईओ मुन्ना कश्यप ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं ग्राम पंचायत के सचिवों ने भी सीईओ का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने नए सीईओ से क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति, पारदर्शिता और कार्यों की गति बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। सीईओ मुन्ना कश्यप ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि जनपद क्षेत्र में सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सहयोग की भी अपेक्षा जताई। पदभार में स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी एवं सुरेश सिंह उपस्थित रहे।

## नपा द्वारा एक और सामुदायिक भवन का दुरुपयोग करने की थी तैयारी

# सामुदायिक भवन को आवारा कुत्तों का बसेरा बनाने पर फिलहाल रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

नगरपालिका सुकमा एक बार फिर से चर्चा में है। प्रभारी मंत्री निधि से बंगाली समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन में अब शहर के आवारा कुत्तों का आशियाना बनाया जा रहा था। इस हेतु उक्त वार्ड की पार्षद से भी सहमति नहीं ली गई थी लेकिन चौतरफा दबाव के कारण फिलहाल इस पर विराम लगने की खबर है।

■ नगरपालिका के फैसले पर समाज में आक्रोश

नगर पालिका परिषद सुकमा द्वारा वार्ड क्रमांक 13 स्थित बंगाली समाज के सामुदायिक भवन में पशु जन्म नियंत्रण एबीसी सेंटर संचालित करने की तैयारी ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। भवन के बाहर लगाए गए बोर्ड से स्पष्ट है कि यहां एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जा रहा है। इस फैसले को लेकर बंगाली समाज और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने सभी जिलों में आवारा कुत्तों की नसबंदी, एंटी-रेबीज टीकाकरण और उपचार के लिए अलग से पशु जन्म नियंत्रण एबीसी सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके। लेकिन सुकमा नगर पालिका ने इसके लिए बंगाली समाज के सामुदायिक भवन का चयन कर दिया, जिससे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही थी। स्थानीय लोगों ने नपा पर आरोप लगाया है कि यह पहली बार नहीं है जब वार्ड क्रमांक 13 के किसी सामुदायिक भवन को दीगर कार्य में उपयोग में लिया हो, इससे पूर्व में भी इसी तरह का कृत्य नपा द्वारा किया गया था। नपा द्वारा दूसरी बार सामुदायिक भवन का मूल उद्देश्य बदला गया है। इससे पहले भी एक इसी तरह के भवन को बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा के लिए किराए पर दे दिया गया था। उस समय भी वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिकों से कोई सहमति नहीं ली गई थी।

### पहले भी एक भवन को दे दिया किराए पर




#### नहीं ली गई थी सहमति : पार्षद



इस मामले में वार्ड पार्षद कांता राठी ने कहा कि जिस भवन में आवारा कुत्तों को रखने की तैयारी है उस हेतु किसी भी तरह की सहमति नही ली गई है। चूंकि उक्त भवन सामाजिक कार्यों के उपयोग हेतु है ऐसे में दीगर कार्य के लिए उपयोग करना गलत होगा।

#### फिलहाल के लिए रोक : सीएमओ

इस गंभीर मामले में नपा के सीएमओ विनीत साव ने कहा कि फिलहाल आगे की कार्रवाई रोक दी गई है। हालांकि इसके बदले नया भवन समाज देने की योजना थी।

### दूसरे विकल्पों पर हो विचार

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन पर मनमाने ढंग से निर्णय लेने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि पशु जन्म नियंत्रण केंद्र की आवश्यकता है तो उसके लिए अलग भवन या उपयुक्त स्थान का चयन किया जाना चाहिए, न कि समाज विशेष के सामुदायिक भवन पर कब्जा किया जाए। अब नागरिकों और बंगाली समाज ने इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका ने जल्द फैसला नहीं बदला तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### सवाल जो नपा से है

क्या सामुदायिक भवनों का उपयोग उनकी मूल उपयोगिता से हटाकर किया जा सकता है, वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिकों से बिना सहमति लिए निर्णय क्यों लिया गया, नगर पालिका के पास एबीसी सेंटर के लिए कोई वैकल्पिक भवन या भूमि उपलब्ध नहीं थी।

### भवन का मूल उद्देश्य हो जाएगा समाप्त

अब फिर बिना जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों की राय लिए भवन को पशु जन्म नियंत्रण केंद्र के रूप में उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि सामुदायिक भवन समाज के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बनाया गया था। यदि यहां आवारा कुत्तों की नसबंदी और देखभाल का केंद्र संचालित होगा तो लोगों की आवाजाही प्रभावित होगी और भवन का मूल उद्देश्य समाप्त हो जाएगा।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण की शालेय शिक्षक संघ की सदस्यता



**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ जिला दंतेवाड़ा की संगठनात्मक कार्यशैली शिक्षक हितों के प्रति समर्पित प्रयासों एवं प्रभावी गतिविधियों से प्रभावित होकर प्रमोद सिंह भदौरिया व्याख्याता स्वामी आत्मानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआकोंडा जो वर्तमान में खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड कुआकोंडा के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे हैं, ने गुरुवार को स्वेच्छा से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन को छोड़कर शालेय शिक्षक संघ की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण के दौरान उन्होंने संगठन के नियमों एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए शिक्षक हित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र एवं प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह एवं कुलदीप सिंह चौहान, पुरुषोत्तम साहू सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें सदस्यता ग्रहण करने पर शुभकामनाएँ दीं। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि प्रमोद भदौरिया के संगठन से जुड़ने से शिक्षक हितों के संरक्षण एवं संगठनात्मक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी। संगठन ने उनके उज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

# जनहितैषी कार्यों के लिए याद किए जाएंगे चुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज ग्राम बालेंगा के तत्वावधान में जनपद पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र के स्थानांतरण के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन,

■ सीईओ भानुप्रताप का भावभीनी विदाई हल्बा-हल्बी समाज ने किया सम्मान

जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मां दंतेश्वरी की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि चुरेंद्र ने अपने कार्यकाल में जनहित, विकास कार्यों और प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ किया। उनके सरल स्वभाव, सहज उपलब्धता और सकारात्मक कार्यशैली ने बस्तर की जनता के बीच उन्हें विशेष सम्मान दिलाया। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह चुरेंद्र का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। समाज की ओर से उनके उज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नई पदस्थापना जनपद पंचायत नरहरपुर, जिला कांकेर में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

### ये रहे मौजूद

वसंत गांवरे, डॉ. टीआर रात्रे, अखिल भारतीय कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष केआर रात्रे, सचिव आरएस सूर्यवंशी, पीयूष नायक, अध्यक्ष छेदीलाल बघेल, सचिव अभय नायक, पुरुषोत्तम तारम, परिक्षेत्र भानपुरी के संस्थापक लाल सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार नाग, केंद्रीय प्रतिनिधि जगदीश पटेल सहित समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में सगा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरन्दुल

चुनाव संचालन कमेटी ने चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी 6 सदस्यीय कमेटी को सौंपी है। जिसमें मनीष गुरु, सुरेंद्र नायर, अतुल सिंह, अमरीक सिंह, रवींद्र सोनी और नित्यानंद पांडे शामिल हैं। एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित वार्षिक आमसभा में वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने पर नए गठन को लेकर चर्चा हुई।

संचालन समिति ने जोर दिया है कि सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया जाए परंतु आपसी संबंध नहीं बनने के कारण, किरंदुल कांट्रैक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन केसीडब्ल्यूए की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए वर्ष 2026 के चुनाव की घोषणा कर दी गई। चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सिंह राठौर के अनुसार 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा, जबकि दोपहर 3 बजे से मतगणना शुरू कर उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम विद्यालय घाटलोहंगा में स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नवीन विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करना तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन करना रहा। जिसमें पूर्व सरपंच डमरूधर अध्यक्ष, मन्ना प्रसाद तिवारी और जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, सचिव स्कूल के प्राचार्य विजय दास को नियुक्ति किया गया एवं सदस्य में तुलसी राम ठाकुर, सरपंच दीया भद्रे, यमुना तिवारी, बालमती यादव, धरम सिंह गोयल, दिलीप देवांगन, मुनालाल यादव, तुलाराम कश्यप, राकेश ठाकुर, चम्पा बघेल, संतोषी पनिग्राही, रंजीता महापात्र, चूमन सिंह कश्यप, मंधर नाग, रामधर नाग, सोमन ठाकुर, पतिराम बघेल, देबेन्द्र तिवारी, नरहरी, सीमा नेताम, सीमा कौशिक, नितेश देवांगन, श्याम सुंदर पांडे, जगमोहन बघेल, पुरुषोत्तम बघेल, संतोष बघेल, राजेंद्र नाग, जलधार, शंकर बघेल, जयदेव कश्यप, डमरू सिंह ठाकुर, लखनऊ राम कश्यप, सावन करे एवं भागीरथी बघेल को सदस्य बनाया गया।

# कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांगों पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्राम जंगमपाल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों एवं सरपंच ने आंगनवाड़ी भवन, पुल-पुलिया तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों की मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटेकल्याण को संबंधित स्थलों का शीघ्र निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मांगों का तकनीकी परीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाए, ताकि आवश्यकतानुसार प्रस्ताव बनाकर कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों की व्यवहारिकता का आकलन करें और समयबद्ध रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ अंचलों में आधारभूत सुविधाओं का विकास जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# कलेक्टर ने बच्चों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान ग्राम परचेली के कांडकीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तथा स्कूलपारा मारजूम के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में संचालित गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति, पोषण संबंधी व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।कलेक्टर ने इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण तथा प्रारंभिक शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी लेते हुए पोषण ट्रैकर के संबंध में जानना चाहा।

**PUBLIC NOTICE**
**NAME CLARIFICATION / SURNAME SPELLING DECLARATION**

I, Dewashish Ray, S/o Krishna Ray, aged 29 years, resident of Ward No. 14, P.T. No. 1, Ramnagar, Pakhanjur, Tehsil Pakhanjur, District Kanker, Chhattisgarh, hereby declare that the spelling of my surname is mentioned as "RAY" in my Aadhaar Card, PAN Card, and Voter ID, whereas it is mentioned as "ROY" in my educational certificates/documents.I hereby declare that "RAY" and "ROY" refer to one and the same person, i.e., myself, and there is no change in my identity. Both spellings may kindly be treated as referring to the same individual for all official purposes.
Date: 10 July 2026
Place: Durgukondal,
District Kanker,
Chhattisgarh

**Dewashish Ray**

**नाम परिवर्तन की सूचना**


मैं शिवराम कुमेटी, पिता-सुन्दर सिंह कुमेटी, निवासी ग्राम- कच्चे, तहसील-भानुप्रतापपुर, जिला- उ. ब. कांकेर छत्तीसगढ़ ने अपने नाबालिग पुत्री का नाम कुमारी छाया कुमेटी KUMARI CHHAYA KUMETI (पुराना नाम) से बदल कर छाया कुमेटी CHHAYA KUMETI (नया नाम) रख लिया है।
दिनांकः10.07. 2026

शिवराम कुमेटी

## 3 मनोनीत पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण...



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में शासन द्वारा मनोनीत किए गए तीन पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 10 जुलाई को नगर पंचायत कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। एसडीएम गगन शर्मा ने मनोनीत पार्षदों को संविधान के प्रति निष्ठा और पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। शासन द्वारा बनमाली यादव, आशा पाटील एवं बसंती पटेल को नगर पंचायत बस्तर का मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है। शपथ लेने के बाद तीनों पार्षदों ने नगर के विकास एवं जनसेवा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, उपाध्यक्ष अनिल परिहार, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, परिस बेसरा,कुसुम परिहार,डॉ व्हीएस राजपूत,समीर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत के पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### माखन जल संरक्षण व संवर्धन प्रभारी बने



**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की अनुमति एवं जिलाध्यक्ष महेश जैन की अनुशंसा पर माखन सिंह मंडावी को भाजपा प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ में प्रदेश जल संरक्षण एवं संवर्धन प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासियों और इष्ट मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। माखन सिंह मंडावी ने शीर्ष नेतृत्व और सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी हित में समर्पित होकर कार्य करेंगे।

### करंट से बच्चे की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत औगरा निवासी 16 वर्षीय नरेंद्र नाग पिता गेंदलाल का करंट लगने से मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक 8 जुलाई को ग्राम पीव्ही 74 के खेत में बोर को बंद करने के लिए गया था। अचानक करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान ईरादाह निवासी 66 वर्षीय तीजूराम कुंजाम पिता कल्याण कुंजाम का इलाज के दौरान 8 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को साप ने काट लिया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 16 लाख की आर्थिक मदद राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बांदे तहसील के शांति नगर निवासी 71 वर्षीय सुधीर सरकार की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी सेफाली सरकार, पखांजूर तहसील के ग्राम पीव्ही 46 निवासी 25 वर्षीय प्रहलाद समद्दार के उनके निकटतम आश्रित बिरेन्द्र समद्दार और उर्मिला समद्दार, ग्राम पीव्ही 41 पुरूषोत्तम नगर निवासी 41 वर्षीय खगेन घोष की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में पत्नी अनिता घोष बांदे तहसील के ग्राम मरोड़ा की 08 वर्षीय अन्नु तोप्पा की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता सोमनाथ तोप्पा और जुंपा बाई तोप्पा के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीका1त किया गया। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के माध्यम से हितग्राही के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### पहुंचविहीन राशन दुकानों में खाद्यान्न का अग्रिम भण्डारण

**कांकेर।** वर्षाकाल के दौरान पहुँचविहीन क्षेत्रों के नागरिकों को राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के 33 पहुंचविहीन केंद्रों के 08 उचित मूल्य की दुकानों में 04 माह एवं 25 दुकानों में 06 माह के लिए खाद्यान्न का अग्रिम भण्डारण किया गया है। इसके अलावा कांकेर जिले से ही नारायणपुर जिले के 04 उचित मूल्य दुकानों के लिए भी खाद्यान्न भण्डारण किया गया है। पहुंचविहीन केंद्रों के उचित मूल्य दुकानों में चावल 6600 क्विंटल, शक्कर 3301 क्विंटल, 3300 क्विंटल, चना 3300 क्विंटल तथा गुड़ 600 क्विंटल का अग्रिम भण्डारण किया गया है।

# हेक्सामाइंड और करियर ड्रोम ने किया करियर ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन

*जेपी इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार 10 जुलाई को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और करियर के प्रति उनकी स्पष्टता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण करियर ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा हेक्सामाइंड एवं करियर ड्रोम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के औपचारिक स्वागत एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को बदलते शैक्षणिक परिवेश में सही मार्गदर्शन और करियर योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रयास करने और आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन कुमारी पावकी पांडे कक्षा ग्यारहवीं द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से पूरे सत्र को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में विद्यालय की काउंसलर देवयानी भुजबल और हेक्सामाइंड समन्वयक अलकमरान अली की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही, जिन्होंने सभी व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से प्रबंधन किया। सत्र में करियर के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने के लिए आमंत्रित विशेषज्ञों ने छात्रों का व्यापक मार्गदर्शन किया। हेक्सामाइंड की ओर से पधारीं विशेषज्ञ श्रेया ने विद्यार्थियों को भविष्य की नई तकनीकों और कौशल-आधारित शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। श्रृंगार रामटेके और रवि प्रकाश पंकज ने विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हेक्सामाइंड की तैयारी रणनीतियों, अध्ययन पद्धति और समय प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही अवनीश भाभड़ा ने सीए, कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट और कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पाठ्यक्रमों की बारीकियों तथा इन क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं को बहुत ही सरल ढंग से समझाया। करियर ड्रोम की प्रतिनिधि साक्षी सिंह ने भी उच्च शिक्षा के अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सही करियर चयन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में छात्रों ने विशेषज्ञों के समक्ष अपने भविष्य से जुड़े प्रश्न रखे, जिनका समाधान प्राप्त कर वे काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम के समापन पर जस्टिना मंडावी ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, शिक्षकगणों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नियमित पढ़ाई और विद्यालय में उपस्थिति शिक्षक ही नहीं परिवार की भी जवाबदारी

# नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत से मर्दीपोटी में उत्साह, शिक्षा से उत्तम समाज बनेगा

*शिक्षा की अलख जगाने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम मर्दीपोटी में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव उत्साह, उमंग और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बन गया। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों की मौजूदगी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक ढंग से तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में शिक्षा के प्रति जागरूकता, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शिक्षा विकसित और सशक्त समाज की सबसे मजबूत नींव है। राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों की नियमित पढ़ाई और विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना केवल शिक्षकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवार की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि अभिभावक बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहेंगे, तो निश्चित रूप से उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और वे जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अन्य अतिथियों ने कहा कि शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों



फाईल फोटो

के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही आने वाले समय में समाज और राष्ट्र की दिशा तय करेगा, इसलिए प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।

### बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

*कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों के अभिनंदन के साथ हुआ। विद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाकर पुष्प भेंट किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और पूरी लगन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी।*

# पीएमश्री विद्यालय में बालिकाओं को किया साइकिलों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



पीएमश्री विद्यालय भानुप्रतापपुर में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को साइकिलों का वितरण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय तक उनकी सुगम पहुँच सुनिश्चित करना है।

अतिथियों ने पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य पीआर भारद्वाज ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं के शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे छात्राओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने शासन की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की योजनाएँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, नरोत्तम सिंह चौहान, पार्षद रजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, अशोक सोलंकी, नरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

# विधायक सावित्री के जन्मदिन पर कांग्रेस ने मरीजों को बांटे फल व भोजन कराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक सावित्री मनोज मंडावी के जन्मदिवस को बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने इस दिन को केक काटने के बजाय मानव सेवा को समर्पित करते हुए भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए विशेष आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को निःशुल्क भोजन एवं ताजे फल वितरित किए गए। सेवा रसोई के माध्यम से दर्जनों मरीजों को गर्म भोजन परोसा गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना के साथ की गई। ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक सावित्री मंडावी हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहती हैं। उनके जन्मदिन पर भी उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंद मरीजों की सेवा करने का निर्णय लिया गया। अस्पताल पहुंचे कांग्रेसियों ने प्रत्येक वार्ड में जाकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि सावित्री मंडावी के मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा जनता के दुख-सुख में साथ खड़े रहते हैं।

*खरीफ सीजन में यूरिया, डीएपी अन्य रासायनिक खादों का टोटा*

# खाद-बीज संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन, समिति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



खरीफ सीजन के दौरान किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दबेना में समिति प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान भी मौजूद रहे और उन्होंने खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय खेती का सबसे महत्वपूर्ण दौर है, लेकिन क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी और अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई किसानों को खाद और बीज के लिए बार-बार समिति के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। यदि समय पर आवश्यक कृषि सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग की है कि किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा खाद वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि दवाइयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए, ताकि खरीफ फसलों की बुआई और देखभाल में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ज्ञापन में सहकारी समिति स्तर पर शिकायत पंजी संचालित करने की भी मांग की गई, ताकि किसानों की शिकायतें दर्ज कर उनका समयबद्ध निराकरण किया जा सके।

इसके साथ ही किसानों की समस्याओं की नियमित निगरानी और समाधान के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के सदस्यों को शामिल करते हुए एक निगरानी समिति गठित करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर नरहरपुर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष संतराम मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, किसान रामेश्वर, कृष्ण बेसरा, मानसिंह, चमन सिंह सहित क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# गोयन्दा के शाला प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्रों का किया सम्मान



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के कंगलपुरी संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला गोयन्दा सिवनी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, हार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और साथ ही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित तथा विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की नींव है और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा शिक्षकों से उन्हें बेहतर शिक्षा व संस्कार देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य एसके साहू, सरपंच सियाराम मंडावी, उमेश्वरी मंडावी, भाजयुमो उपाध्यक्ष सुदेश तोप्पा, वार्ड पंच रूपसिंह कोमरे सहित जनप्रतिनिधियों ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम व बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

## सीड ड्रील मशीन से धान-मक्का की बोआई, किसानों को राहत व सुविधा



**कांकेर।** जिले के किसान भाई आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सीड ड्रील मशीन से धान-मक्का का बुवाई कर रहे हैं। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के किसानों खेती की नई तकनीक को अपनाने एवं कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीड ड्रील मशीन के माध्यम से धान एवं मक्का की बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह तकनीक कम समय, कम लागत और कम पानी में बेहतर खेती का प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है।

*मरामपानी-मगुरपारा के बीच पेड़ पर लिपटा मिला*

# 7 फीट लंबा अजगर मिला वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



वनमंडल भानुप्रतापपुर अंतर्गत वनपरिक्षेत्र दुर्गुकोंदल के ग्राम मरामपानी-मगुरपारा के बीच नदी किनारे एक पेड़ पर लगभग सात फीट लंबा अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। शुक्रवार सुबह नदी की ओर जा रहे ग्रामीणों ने पेड़ की शाखा पर लिपटे विशाल अजगर को देखा और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने पहले लोगों को सुरक्षित दूरी पर किया, फिर प्रशिक्षित तरीके से बिना किसी नुकसान के अजगर को पेड़ से नीचे उतारकर सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे वन विभाग के वाहन से बासला के घने जंगल में ले जाकर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर घबराएं नहीं और न ही उसे पकड़ने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास करें। तत्काल विभाग को सूचना दें, ताकि प्रशिक्षित टीम सुरक्षित रेस्क्यू कर सके। विभाग ने बताया कि वर्षा ऋतु में भोजन और सुरक्षित स्थान की तलाश में अजगर सहित अन्य वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास पहुंच सकते हैं।

पाठक सूचना
चारामा एवं आस-पास के क्षेत्रों में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ
ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें
संवाददाता : संजय सिन्हा
श्रीराम न्यूज एजेंसी
पता : चारामा
मो. 7879090901

*अवैध वसूली करने वाले दो गिरफ्तार: कोण्डागांव। पुलिस ने पत्रकारिता की आड़ लेकर लोगों को भयभीत कर कथित अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक कार सीजी 17 एलसी 6661, एक मोबाइल फोन एवं 30 हजार नकद सहित कुल 6 लाख 40 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार जामपदर पारा निवासी तिमिर प्रकाश पटेल शिकायत दर्ज कराई गई थी कि दो व्यक्ति स्वयं को पत्रकार बताकर उनकी बीज भंडार दुकान पर पहुंचे। दुकान की फोटो एवं वीडियो बनाकर समाचार प्रकाशित करने, बदनाम करने तथा जेल भिजवाने की धमकी देते हुए 30 हजार रुपये की वसूली की है।*

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# शाला प्रवेशोत्सव मनाया और सायकिलें बांटीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरर

शासकीय हाई स्कूल कोकानपुर में शाला प्रवेश उत्सव एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। प्राचार्य ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए भवन मरम्मत की मांग रखी। उपसरपंच योगिता राजपूत ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने कहा कि शासन की साइकिल योजना से छात्राओं की ड्रॉपआउट दर में कमी आई है तथा पालकों से विद्यालय के विकास में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में शकुन्तला ठाकुर, पूर्णिमा साहू, रुखमणि मंडावी, अनीता जैन, गंगोत्री मंडावी, रैन सिंह दर्रो सहित जनप्रतिनिधि, पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411